मध्य प्रदेश में दूरसंचार कर्मचारियों के लिये आवास

3532. **श्री राघव जी:** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में विदिशा तथा गंजबासोदा में डाक, तार और टेलीफोन कर्मचारियों को आवासीय मकानों के लिए सरकार द्वारा सुविधायें दी जा रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या इस संबंध में कोई प्रयास किये जा रहे हैं, यदि नहीं, तो क्या निकट भविष्य में ऐसे प्रयास किये जायेंगे और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) डाक विभाग

जी हां, विदिशा में डाक विभाग द्वारा कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधाएं प्रदान की जाती हैं । गंजबासौदा में इस समय किसी भी प्रकार की आवासीय सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं ।

दूरसंचार विभाग

विदिशा में आवासीय मकान की सुविधाएं उपलब्ध हैं । तथापि, गंजबासौदा में किसी भी प्रकार की आवासीय सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं ।

(ख) डाक विभाग

विदिशा में टाइप–II के दो, टाइप–III का एक और पद से जुड़े दो आवासीय क्वार्टर उपलब्ध हैं । गंजबासौदा में, सीमित संसाधनों के कारण अभी तक आवासीय क्वाटरों का निर्माण नहीं किया जा सका ।

दूरसंचार विभाग

विदिशा में अलग-अलग प्रकार के दस स्टाफ क्वार्टर उपलब्ध हैं । गजबासौदा में स्टाफ क्वार्टर उपलब्ध नहीं हैं और उनका निर्माण अभी किया जाना है ।

(ग) डाक विभाग

विभिन्न स्थानों पर ऐसे क्वार्टरों के लिए मांग को ध्यान में रखते हुए धनराशि उपलब्ध होने पर क्वार्टरों के निर्माण पर विचार किया जा सकता है ।

दूरसंचार विभाग

गंजबासौदा में भूमि अधिग्रहित कर ली गई है और इस स्थान पर पर्याप्त संख्या में क्वार्टरों का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव है । विदिशा में और अधिक क्वार्टर प्रदान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं ।

International call racket at Karjat

3533. SHRI SATISH PRADHAN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that telepone exchange in Karjat in the Raigad District of Maharashtra was involved in a racket of making unauthorised International calls;

(b) whether it is also a fact that some senior officials of the Department of Telecommunications are involved in this racket;

(c) whether the International call recording machinery could be tampered with, without recording such calls; and

(d) what is the total amount involved in this racket, putting the Department of Telecommunications to loss and what steps Government propose to take for curbing such incidents?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) CBI is investigating a case of reported racket for unauthorised International Calls from Karjat Telephone Exchange.

(b) The case is under investigation by CBI.